Dated:26.05.2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

**रेलटेल और एसरी इंडिया (Esri India) ने क्लाउड-आधारित 'Geospatial Infrastructure' प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।**

**रेलटेल क्लाउड पर इंडो आर्कजीआईएस (Indo ArcGIS) मजबूत और स्केलेबल जीआईएस उत्पादों के साथ सरकारी कार्यक्रम रोलआउट को सक्षम करेगा ।**

**रेलटेल अपने दो टियर III डेटा केंद्रों और 61000 किलोमीटर से अधिक ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क के साथ सरकारी संगठनों को एक सुरक्षित सार्वजनिक क्लाउड पर अपने जीआईएस ऍप्लिकेशन्स को तैनात करने के लिए सहयोग करने की विशिष्ट स्तिथि में है: श्रीमती अरुणा सिंह, सीएमडी, रेलटेल।**

**जीआईएस और क्लाउड प्रौद्योगिकी का कन्वर्जेन्स(convergence) भारत में भू-स्थानिक (Geospatial Infrastructure) बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए नए रास्ते खोलता है: श्री अगेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, एसरी इंडिया।**

*********

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, रेल मंत्रालय के तहत एक केंद्र सरकार का सार्वजनिक उपक्रम और देश की प्रमुख भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) सॉफ्टवेयर और समाधान प्रदाता एसरी इंडिया (Esri India) ने अपने 'सरकारी क्षेत्र' के उपयोगकर्ताओं को क्लाउड-आधारित जीआईएस समाधान प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह सहयोग 'जीआईएस ऑन क्लाउड' की मजबूत उभरती मांग को पूरा करेगा।

डिजिटल इंडिया, गति शक्ति, स्वमित्वा ( Svamitva), स्मार्ट सिटीज, जल जीवन मिशन आदि जैसे विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए जीआईएस का उपयोग करने पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है जिससे मजबूत और स्केलेबल भू-स्थानिक बुनियादी ढांचे (Geospatial Infrastructure ) की उपलब्धता पहले से ही समय की एक बड़ी आवश्यकता बन गई है। Esri India, हमेशा तकनीकी इनोवेशन में सबसे आगे रहा है, और वह पहले से ही भारत सरकार के ग्राहकों के लिए Indo ArcGIS नामक एक अनूठा उत्पाद विकसित कर चुका है। जीआईएस प्रौद्योगिकी उत्पादों के अलावा, इंडो आर्कजीआईएस (Indo ArcGIS)सूट में आपदा प्रबंधन, वन प्रबंधन, भूमि रिकॉर्ड, इलेक्ट्रिक यूटिलिटी प्रबंधन, संपत्ति कर प्रबंधन और कई अन्य के लिए उद्योग-विशिष्ट समाधान उत्पाद शामिल हैं। इसके अलावा, आर्कजीआईएस (ArcGIS) लिविंग एटलस के भारतीय संस्करण के माध्यम से ग्राहकों के लिए 500+ डेटा परतें उपलब्ध हैं।

Esri India और रेलटेल की साझेदारी के हो जाने से, 'इंडो आर्कजीआईएस ऑन क्लाउड' अब रेलटेल क्लाउड पर उपलब्ध होगा, जिससे ग्राहकों को स्केलेबिलिटी, चपलता (Agility) और लागत-दक्षता का बहुत जरूरी लाभ मिलेगा। संयुक्त पेशकश में सॉफ्टवेयर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और संबंधित सेवाएं शामिल होंगी। यह सरकारी संगठनों के ऑन-प्रिमाइसेस बुनियादी ढांचे को क्लाउड में स्थानांतरित करके लागत और जटिलता को कम करने में मदद करेगा और उनकी पहलों और कार्यक्रमों में जीआईएस के उपयोग को गति देगा।

इसके बारे में बात करते हुए, रेलटेल की सीएमडी, श्रीमती अरुणा सिंह ने कहा, "भू-स्थानिक अवसंरचना (Geospatial Infrastructure) तेजी से भारत में केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की कई नई रणनीतिक पहलों की रीढ़ बन रही है। रेलटेल अपने दो टियर III डेटा केंद्रों और 61000 किलोमीटर से अधिक ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क के साथ सरकारी संगठनों को एक सुरक्षित सार्वजनिक क्लाउड पर अपने जीआईएस ऍप्लिकेशन्स को तैनात करने के लिए सहयोग करने की विशिष्ट स्तिथि में है । Esri India के साथ इस साझेदारी के साथ, हम बड़े सरकारी कार्यक्रमों और परियोजनाओं के लिए एक विश्वसनीय, सुरक्षित और प्रबंधित GIS इन्फ्रास्ट्रक्चर की पेशकश करने का इरादा रखते हैं" ।

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री अगेंद्र कुमार ने कहा, "जीआईएस और क्लाउड प्रौद्योगिकी के कन्वर्जेन्स (convergence) से भारत में भू-स्थानिक बुनियादी ढांचे (Geospatial Infrastructure) के निर्माण के लिए नए रास्ते खुलते हैं। इंडो आर्कजीआईएस (Indo ArcGIS) में शामिल समाधान और डेटा उत्पाद सरकारी और निजी संगठनों को जीआईएस के माध्यम से देश की जरुरी समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने में मदद करने के उद्देश्य से बनाए गए हैं। कम लागत पर बेहतर सहयोग और अधिक सूचित निर्णय लेने की सुविधा के लिए, अब हम क्लाउड पर इंडो आर्कजीआईएस (Indo ArcGIS on Cloud) की पेशकश कर रहे हैं। रेलटेल अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सुरक्षित क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदान करता है। रेलटेल के साथ हमारी साझेदारी त्वरित जीआईएस परिनियोजन को बढ़ावा देगी और हमारे इंडो आर्कजीआईएस उपयोगकर्ताओं को 'क्लाउड पर भू-स्थानिक बुनियादी ढांचे' (geospatial infrastructure on Cloud) की शक्ति प्रदान करेगी।"

## रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक सुदृढ़ विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलैक्टॉलिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज़ सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देशभर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में परिवर्तित करने के लिए भारतीय रेलों के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

## Esri India के बारे में:

1996 में स्थापित, Esri India Technologies Pvt. Ltd. एक एंड-टू-एंड भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) समाधान प्रदाता है। दुनिया भर के संगठन real-world समस्याओं को हल करने और उद्योग और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए Esri ArcGIS का उपयोग करते हैं। एक मार्केट लीडर के रूप में, Esri India ने 5000 से अधिक ग्राहकों को आर्कजीआईएस द्वारा संचालित अत्याधुनिक जीआईएस समाधान सफलतापूर्वक वितरित किए हैं। भारतीय ग्राहकों के लिए, इसने 'इंडो आर्कजीआईएस' नामक एक अनूठा उत्पाद तैयार किया है। नोएडा (दिल्ली-एनसीआर) में मुख्यालय वाली कंपनी न केवल देश भर में 4.5 लाख से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ जुड़ी हुई है, बल्कि दो बार ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणित भी हो चुकी है।

अधिक जानकारी के लिए

sucharita@railtelindia.com
shimonti.paul@esri.in